हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 18 जून 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

भीमसेनी एकादशी का धूमधाम से मनाया पर्व 4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## नपा की अनदेखी से शहरवासियों में रोष, प्रशासन से पहल की मांग

महीनों से बंद है फव्वारा, जिम्मेदारों का रवैया उदासीन

# शहर की सुंदरता पर लगा ग्रहण, इकलौता फव्वारा बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते इस बार शहर का एकमात्र फव्वारा गर्मी में पूरी तरह से बंद रहा। अब कुछ ही दिनों में मानसून सक्रिय होने वाली है, ऐसे में अब शहर स्थित फव्वारा चौक का फाउंटेन शुरू होने की उम्मीद भी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व ही शहर स्थित फव्वारा चौक का जीर्णोद्धार में लाखों रूपए खर्च किए गए थे ,इसके बाद कुछ माह तक फव्वारा चालू रहा, लेकिन इसके बाद फिर बंद हो गया। नगर पालिका प्रशासन की उदासीन रवैया के कारण ही आए दिन फव्वारा चौक का फव्वारा बंद रहता है। नया वर्ष 2024 शुरू होने के पहले से ही शहर का फव्वारा चौक बंद पड़ा हुआ है। इस वर्ष गर्मी के पूर्व फव्वारा चौक के बंद पड़े फव्वारा के मरम्मत कार्य कराने की दिशा में पहल नहीं की गई, जिसके कारण इस वर्ष पूरी गर्मी में अब तक बंद फव्वारा चालू नहीं हो पाया।

जबकि पूर्व के वर्षो में गर्मी के दिनों में फव्वारा चालू किया जाता था, तब कई लोग शाम ढलने के बाद उक्त स्थल पर से गुजरने पर उन्हें राहत मिलती थी, साथ ही शहर की सुंदरता भी बढ़ती।

### बरसात में पूरी तरह से रहता है बंद

शहर में स्थित फव्वारा चौक का फव्वारा बरसात के समय में बंद रहता है। पिछले कई वर्षो में यह देखने में आया है कि बरसात शुरू होने पर फव्वारा को बंद ही रहता है, लेकिन इस बार तो ठंड के सीजन में न ही गर्मी के सीजन में फव्वारा चालू नहीं रहा। यह नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता का ही परिणाम है।

### जिम्मेदार नहीं करते पहल

शहर का एकमात्र फव्वारा जो कि महीनों से बंद पड़ा हुआ है, जिसे चालू करने की दिशा में नगर प्रशासन उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं, वहीं शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं संबंधित वार्ड के पार्षद भी इसे लेकर मौन रहते हैं। यही कारण है कि शहर के फव्वारा चौक स्थित फव्वारा बंद पड़ा हुआ है, यदि जनप्रतिनिधि पहल करते तो ऐसी स्थिति नहीं रहती।

## मानसून का बेसब्री से इंतजार

जून माह का पहला पखवाड़ा भी बीत गया, लेकिन मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने के कारण बारिश का अता-पता नहीं चल रहा है। इधर कोरिया जिले में दो-तीन दिनों से आसमान में हल्के बादल छा रहे हैं और अपरान्ह बाद बादल घने हो जाते हैं, लेकिन बिन बरसे ही बादल छॅट रहे हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं अपरान्ह के समय थोड़ी तेज हवाएं भी चलती रही। इस दौरान गर्म नहीं बल्कि राहत भरी ठंडी हवाएं चलने से लोगों को घर के बाहर राहत मिली। सोमवार को दोपहर में आसमान में हल्के बादल छाए रहे, जिसके कारण दोपहर में लोगों को उमस भरी गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा था। इसी दौरान दोपहर के अघोषित रूप से बिजली की कटौती भी एक -दो बाहर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुई। कुछ ही देर के लिए विद्युत कटौती हो जाने से लोगों को अपने घर में पसीने से तर-बतर होना पड़ा, जब विद्युत आपूर्ति बहाल हुई तब राहत मिली। दो-तीन दिनों से भले ही धूप हल्के बादलों से ढंक रहा है, लेकिन उमस बरकरार है। इस कारण लोगों को अपने घरों में कूलर से राहत मिल रही है। लगातार उमस गर्मी से परेशान लोग अब मानसून का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को जिले के कुछ क्षेत्रों में केवल हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। हालांकि अब तेज बारिश की जरूरत है।

### दोपहर में सड़कों पर आवागमन कम

इस समय तेज गर्मी के कारण दोपहर में शहर की सड़कों पर आवागमन कम होने लगता है। लोग गर्मी से बचने के लिए अपने घरों में सुरक्षित रहना चाहते हैं, जिन्हें जरूरी काम होता है वे ही सुरक्षात्मक उपाय के साथ बाहर निकलते हैं। गर्मी के चलते शहर के मध्य से गुजरी मुख्य मार्ग पर भी दोपहर के समय आवागमन बहुत कम हो जाती, जिसके कारण कई बार सड़क सूनी दिखाई देती है।



दोपहर में सूनी रही सड़क।



# बैसाखी के सहारे चल रही केंद्र सरकार: महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ नव निर्वाचित सांसद ज्योत्सना पहुंची मनेन्द्रगढ़

लोकसभा चुनाव में छग के कोरबा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के बाद श्रीमती ज्योत्सना महंत मनेन्द्रगढ़ पहुंची। इस दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और उनके बेटे सूरज महंत भी थे। यहां सबसे पहले इन्होंने विजय हनुमान टेकरी में दर्शन किया, इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान मोदी सरकार पर नेताओं के खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया।

इस दौरान कोरबा में मोदी फैक्टर नहीं चलने को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि हम लोग भगवान को दिल में रखते हैं, कुछ लोग फोटो लगाते हैं,फोटो के स्वरूप को प्यार करते हैं, हम सबके दिल में भगवान बसते हैं, हम ये मानते हैं वहीं कोरबा लोकसभा में कांग्रेस की जीत को लेकर चरणदास महंत ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के पास अथाह संपत्ति थी, उन्होंने खूब खर्चा भी किया, हम लोगों के पास रूपए नहीं था, यहां अमीर चुनाव हार गए और गरीबी चुनाव जीत गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, रमेश सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व जिपं सदस्य शरण सिंह, निर्मला चतुर्वेदी, राजकुमार केशरवानी, हफीज मेमन, स्वप्निल सिन्हा, सौरभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### ज्योत्सना ने जताया जनता का आभार

नव निर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर नेताओं को खरीदने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में बीजेपी की सरकार बैसाखी के सहारे चल रही है, इसके साथ ही उन्होंने अपनी जीत के लिए जनता का आभार जताया। चुनाव जिताने के लिए लोगों का आभार व्यक्त करती हूं। 400 पार के घमंड के कारण बैसाखी के सहारे केन्द्र में भाजपा की सरकार रह गई है। बैसाखी पर चल रहे हैं मोदी जी देखते हैं कितने दिन चलते हैं। वैसे तो मोदी जी की आदत है सांसदों के खरीद-फरोख्त करने की, कुछ भी हो सकता है।

### हाई प्रोफाइल सीट था

कोरबा लोकसभा सीट छग की हाईप्रोफाइल सीटों में से एक है। इस सीट पर दो महिला उम्मीदवारों के बीच मुकाबला था। बीजेपी ने सरोज पांडे पर भरोसा जताया था, वहीं कांग्रेस ने ज्योत्सना महंत को टिकट दिया था। इस सीट पर कांग्रेस ने भारी बहुमत से जीत हासिल की।

## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी की आज भी रखेंगे व्रत

**बैकुण्ठपुर।** निर्जला एकादशी व्रत की दो तिथियों को लेकर असमंजय की स्थिति बनी रही। इसके कारण कई लोगों के द्वारा 17 जून को ही निर्जला एकादशी का उपवास रख पूजा-अर्चना की गई, वहीं कई लोगों के द्वारा 18 जून को निर्जना एकादशी का व्रत रखकर पूजा-अर्चना करेंगे और व्रत का पारण दूसरे दिन 19 जून को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सभी एकादशियों में निर्जना एकादशी सबसे महत्वपूर्ण माना गया, क्योंकि निर्जला एकादशी में बिना पानी पीये ही भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से पुण्य व मोक्ष की प्राप्ति होती है। जानकारी के अनुसार निर्जला एकादशी करने से सभी एकादशी करने के फल के बराबर प्राप्त होती है। साथ ही मान्यता है कि इस व्रत को करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है, जिससे घर में धन धान्य की कमी नहीं रहती। जानकारी के अनुसार महाभारत काल में पांच पाण्डवों में से एक भीम ने निर्जला एकादशी पर बिना पानी पीये विष्णु भगवान का व्रत किया था, जिसके कारण उन्हें मोक्ष एवं लंबी आयु की प्राप्ति हुई थी। इस कारण निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है।

### दोपहर बाद हल्की बारिश मौसम हुआ सुहाना

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में बीते दिनों से तेज कड़कड़ाती धूप,गर्मी उमस का बना माहौल 17 जून को दोपहर 3 बजे के बाद हुई हल्की बारिश से आमजन राहत लेते नजर आए। आसमान में छाए बादलों से रह-रहकर गरज के साथ बूंदाबांदी होने से आगामी दिनों में बारिश होने के आसार तेज होने लगे हैं। बारिश पानी के बन रहे माहौल से किसान वर्ग भी किसानी कार्य करने की तैयारी करने लगे हैं। हालांकि फिलहाल क्षेत्र स्तर पर खेती योग्य बारिश नहीं हो पाने किसान वर्ग हल्के मायूस नजर आ रहे हैं।

### पप्पू बने फुटबाल के इंटरनेशनल रेफरी



**चरचा कॉलरी।** फुटबॉल के प्रति समर्पित चरचा कॉलरी की पहचान पूरे देश में है। यहां के युवाओं ने फुटबॉल के खेल में पूरे देश में चरचा का नाम रोशन किया है। फुटबॉल खेल के माध्यम से पुलिस विभाग सहित कई सरकारी नौकरी में युवाओं ने अपनी जगह बनाई। फुटबॉल खेल के अतिरिक्त क्रिकेट, डांस, मार्शल आर्ट सहित कई विधाओं में यहां के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और चरचा को चर्चित किया है। इसीक्रम में चरचा के वार्ड क्रमांक 13 टीना दफाई निवासी पप्पू कुमार जोकि चरचा की टीम के खिलाड़ी रह चुके हैं और स्टेट रेफरी भी है। अब उन्होंने उससे भी बढ़कर उपलब्धि हासिल करते हुए इंटरनेशनल फुटबॉल रेफरी बनने का गौरव प्राप्त किया है, उनकी इस उपलब्धि से खिलाड़ियों सहित नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कनहर नदी पुल के नीचे मिला युवक का शव

**चरचा कॉलरी।** रामानुजगंज। विजयनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम चिनिया निवासी धनेश्वर सिंह (35 वर्ष) का आज गोदरमाना कनहर नदी पुल के नीचे शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने पुल के नीचे शव को देखा तो इसकी सूचना झारखंड पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। धनेश्वर सिंह पुल के नीचे कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है हालांकि झारखंड पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अब 26 से खुलेंगे विद्यालयों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के निर्णय के बाद स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने स्कूलों में ग्रीष्मावकाश की अवधि एक सप्ताह बढ़ा दी। इस तरह अब सरकारी, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त व अशासकीय स्कूल अब 25 जून तक बंद रहेंगे और 26 जून से विद्यालयों के बंद पट खुलेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए समय से पहले 22 अप्रैल से ही विद्यालयों में बच्चों को ग्रीष्मावकाश दे दिया गया था, जोकि 15 जून तक था, लेकिन इसके दूसरे दिन 16 जून को रविवार तथा 17 जून को बकरीद पर्व के कारण नया शिक्षा सत्र 18 जून से शुरू होना था, इसके लिए शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियां भी की जा रही थी इसी बीच ग्रीष्मावकाश बढ़ाने का आदेश जारी हो गया। इस वर्ष अत्यधिक गर्मी के कारण विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश दो माह से अधिक समय का मिल गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश होता है, लेकिन इस वर्ष राज्य शासन ने गर्मी के तेवर को देखते हुए बच्चों को 22 अप्रैल से ही ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया था जो कि आगामी 25 जून तक रहेगा। अभी मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ी हुई है, इस कारण बारिश का अता पता नहीं चल रहा है और गर्मी तथा उमस से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, ऐसे समय में शाला खुलने से विद्यार्थियों के सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की अवधि एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है।

### अब 26 को मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव




स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में ग्रीष्माकाश की अवधि एक सप्ताह बढ़ा दिए जाने के कारण विद्यालय 25 जून तक बंद रहेंगे और इसके दूसरे दिन 26 जून से विद्यालय खुलेंगे, इसके साथ ही शाला प्रवेश उत्सव भी विद्यालयों में मनाया जाएगा। तब तक मानसूनी गतिविधियों के बढ़ जाने से गर्मी से राहत भी मिल सकेगी, जिससे कि बच्चों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

### तैयारियों के बीच आया आदेश

ग्रीष्मावकाश के बाद 18 जून से विद्यालय खोलने की तैयारी थी और इसके लिए विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी की जा रही थी। ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियां वृहद स्तर पर की जा रही थी, इसी बीच एक दिन पूर्व ग्रीष्माकाश बढ़ाए जाने का आदेश आ गया। इसके बाद तैयारियां अधूरी रह गई। इसके लिए सब्जियां भी खरीदी कर ली गई थी। अब आगामी 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी रहेगी।

### गोंडवाना महासभा की प्रदेश कमेटी भंग

**बैकुण्ठपुर।** कोया पुनेम गोंडवाना महासभा इंडिया के राष्टीय अध्यक्ष कोयतुर मनोज सिंह कमरो ने जानकारी देते हुए बताया कि महासभा के 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राय सिंह श्याम ने छग प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया है तथा प्रदेश कमेटी के पुनर्गठन होने तक राय सिंह श्याम प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहेंगे। 23 जून को महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस सह महासभा का वार्षिक सम्मेलन एमसीजी जिले के भरतपुर ब्लॉक मुख्यालय के सामुदायिक भवन जनकपुर में 23 जून को प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन भी किया जाएगा। कोया पुनेम व्यवस्था व विचारधारा के मानने वाले लोगों से सम्मेलन में जुटने की अपील की की जाती है।

# दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पिछले दिनों पटना थाना क्षेत्र में दो दुकानों में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने सूरजपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 12 जून को प्रार्थी सौरभ अग्रवाल आत्मज दुर्गादास अग्रवाल उम्र 31 वर्ष निवासी आदर्श चौक पटना ने थाना में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मेडिकल एंड जनरल स्टोर दुकान में 12 एवं 13 जून की मध्य रात्रि में दुकान की शीट तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा चांदी का सिक्का और नकदी रकम चोरी लिए थे। उसी दिन प्रार्थी राकेश यादव आत्मज शोभनाथ यादव उम्र 25 वर्ष निवासी आदर्श चौक पटना में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मोबाइल शॉप में बीते 12 एवं 13 जून की मध्य रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा 2 नग सेकेंड हैंड मोबाइल फोन एवं नगदी रकम की चोरी की गई है। दोनों चोरियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457 एवं 380 भादवि का अपराध पंजीकृत विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 15 जून को साइबर सेल की तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि उपरोक्त चोरी ग्राम पटियाडांड़, भैयाथान जिला सूरजपुर निवासी अरूण कुमार सारथी ⏭ शेष पेज 4 पर



गिरफ्तार आरोपी।

# अलग-अलग प्रकरणों में अंग्रेजी शराब जब्त

**बैकुण्ठपुर।** अलग-अलग दो प्रकरणों में पुलिस अवैध शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार 16 जून को चौकी पोड़ी बचरा की एक टीम आबकारी एक्ट की कार्रवाई के लिए निकली इस दौरान पोड़ी बस स्टैंड के पास पुलिस टीम पहुंची तो मुखबीर से सूचना मिली कि ठिहाईपारा चौकी पोड़ी बचरा थाना बैकुंठपुर निवासी शंकर सिंह आत्मज स्व. शिवबरन सिंह उम्र 36 वर्ष अपने घर में अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

इस पर उक्त टीम मुखबीर के बताए स्थान पर तत्काल रवाना हुई एवं मुखबीर के बताए अनुसार उक्त टीम मौके पर पहुंची एवं शंकर सिंह के घर पर घेराबंदी किया गया, जहां आरोपी शंकर सिंह अपने घर पर उपस्थित मिला। यहां से 52 नग गोवा स्पेशल विस्की 180 उस कुल अंग्रेजी शराब की मात्रा 9 लीटर 360 एमएल को जब्त किया गया है। इसी प्रकार 16 जून को ही थाना बैकुंठपुर की एक टीम को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ओड़गी डकईपारा निवासी थाना बैकुंठपुर संतोषी राजवाड़े पति राजेश राजवाड़े हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब एक झोले में रखकर बिक्री करने के लिए झुमका डैम की ओर जा रही है। संबंधित के पास से 5 लीटर एवं 1 लीटर पारदर्शी प्लास्टिक बॉटल में 1 लीटर कुल 6 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित शराब को जब्त किया गया है। दोनों मामले में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



## एकता और भाईचारे के लिए मिलकर काम करने का पर्व

# बकरीद पर ईदगाह में अमन चैन की दुआ के साथ अता की गई विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिलेभर में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्यौहार 17 जून को मनाया गया। समुदाय के परंपरा के मुताबिक बड़ी ईद के तकरीबन 70 दिनों बाद बकरीद मनाया जाता है। ईस्लामिक मान्यता के अनुसार इस दिन हजरत इब्राहिम अल्लाह के कहने पर अपने बेटे की कुर्बानी देने को तैयार हो गए थे, उस दिन से समुदाय के लोग बकरे की कुर्बानी देते हुए बकरीद के पर्व को मनाते हैं।

समुदाय के लोगों की माने तो सबसे पहले मजस्दिों में नमाज अदा की जाती है, इसके बाद कुर्बानी दी जाती है। समुदाय के मुताबिक ईद उल अजहा प्रेम, निःस्वार्थता और बलिदान की भावना के प्रति आभार व्यक्त करने और एक समावेशी समाज में एकता और भाईचारे केलिए मिलकर काम करने का त्यौहार है।




मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

**नमाज अता कर लोगों के लिए मांगी दुआएं:** चरचा कॉलरी। बकरीद पर मुस्लिम समुदाय द्वारा चरचा के जामा मस्जिद में सोमवार की प्रातः 8 बजे एकत्रित होकर बकरीद की नमाज अदा किया गया। बकरीद के त्योहार को लेकर शहर के जामा मस्जिद में सुबह से तैयारियां चल रही थी। इस बीच मटन बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। बकरीद को देखते हुए पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड पर रहा। विदित हो कि बकरीद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है, जो मुस्लिम ⏭ शेष पेज 4 पर

## युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने पढ़ी नमाज

**मनेन्द्रगढ़।** कुर्बानी का त्योहार ईद उल अजहा सोमवार को मनाया गया। नगर स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समाज ने सुबह ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश और प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी। ईद उल अजहा पर्व पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में उत्साह देखा गया। मुस्लिमों ने शहर की अन्य मस्जिदों में पहुंच नमाज अदा की। सभी मस्जिदों में भी सुबह ही ईद की नमाज अदा की गई। ईद की विशेष नमाज अदा करने के बाद परंपरागत कुर्बानियां शुरू हुई। विदित हो कि यह त्योहार मनाने का कारण यही कि हजरत इब्राहीम ने अल्लाह पाक का हुक्म पूरा करने के लिए अपने बेटे इस्माईल की कुर्बानी की थी, लेकिन उनकी जगह अल्लाह की कुदरत ने एक भेड़ को कुर्बान करवा दिया था, तभी से इस पर्व की शुरूआत हुई। **सुबह अदा की नमाज:** नगर स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज शहर काजी ने अदा करवाई। मुस्लिम समुदाय ने नमाज के दौरान देश-प्रदेश और शहर में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। सोमवार को शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज के लिए समय निर्धारित किया गया था।





17 -June- Jash-Bhoomi pg-2-a_Layout 1 6/17/2024 7:47 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## छप्परफाड़ कमाई को तैयार है रेनॉल्ड की डेडपूल एंड वूल्वरिन

ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म का इंतजार दुनियाभर के दर्शकों को है। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म डेडपूल है। यह फिल्म साल 2016 में फरवरी के महीने में रिलीज हुई थी। इसने पहले सप्ताहांत में 13.24 करोड़ डॉलर की कमाई की थी। अगर फिल्म इन आंकड़ों के मुताबिक कमाई करती है तो यह सबसे तगड़ी ओपनिंग करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में आसानी से शामिल हो जाएगी। इस सूची में पहले नंबर पर एवेंजर्स एंडगेम है।इस लिस्ट में फिलहाल एंडगेम (35.7 करोड़ डॉलर) के अलावा स्पाइडर-मैनः नो वे होम (26 करोड़ डॉलर), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (25.7 करोड़ डॉलर), स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (24.7 करोड़) और स्टार वार्सः द लास्ट जेडी (22 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। डेडपूल एंड वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है।

### टॉलीवुड

## भारत का सबसे बड़ा गाना घोषित हुआ 'भैरव एंथम'

प्रभास इस महीने अपनी बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने महीने की शुरुआत में दिलजीत दोसांझ और प्रभास को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले सिंगल की घोषणा की थी। अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के पहले गाने 'भैरव एंथम' का प्रोमो जारी कर दिया गया है। फिल्म की टीम ने इसे भारत का सबसे बड़ा गाना करार दिया है। 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है और फिल्म की टीम ने रविवार को फिल्म का पहला गाना 'भैरव एंथम' रिलीज किया है। इसी बीच निर्माताओं ने 21 सेकेंड लंबा एक प्रोमो जारी किया, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया। यह जोशीला नंबर टीम कल्कि की ओर से अब तक सामने आई सभी प्रचार सामग्री के साथ मेल खाता है। दिलजीत ने संतोष नारायणन द्वारा रचित एक पंजाबी प्रमोशनल नंबर के लिए गाना गाया, जिसमें वह और प्रभास साथ में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। सामान्य मार्ग पर जाने के बजाय, नाग दर्शकों को फिल्म के लिए बनाई गई दुनिया से परिचित करा रहे हैं। प्रभास के चरित्र भैरव और अमिताभ बच्चन के चरित्र अश्वत्थामा को पेश करने के अलावा, उन्होंने बुज्जी नामक एक एआई ड्रॉइड भी पेश किया है, जिसे तेलुगु में कीर्ति सुरेश ने आवाज दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की टीम ने आनंद महिंद्रा और सिएट की मदद से फिल्म के लिए बनाए गए कस्टम-निर्मित वाहन को दिखाने के लिए हैदराबाद में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। प्रभास ने एक कार्यक्रम में गाड़ी चलाई, जिसमें प्रेस और प्रशंसक उपस्थित थे। बाद में, नागा चैतन्य और F1 रेसर नारायण कार्तिकेयन ने भी वाहन चलाकर दर्शकों का दिल जीता।



### भोजपुरी

## नम्रता का वीडियो हुआ जमकर वायरल, उड़ा दिए सबके होश

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। वीडियो तैयार करने वाली टीम का दावा है कि इस गाने में नम्रता के लटके-झटके देखकर दर्शकों का एक वर्ग अपना होश खो देगा। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं।



## शगुन की हरियाली

उत्तरी अमेरिका फैशन वीक (एनएएफडब्ल्यू) में डिजाइनर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन तारीफ के काबिल रहा है। यहां शगुन ने अपनी मॉडल को हरियाली के संदेश के साथ रैम्प पर उतारा। एनएएफडब्ल्यू एक प्रेरणादायक और बहुचर्चित फैशन शो है, जो व्यापार शो, मीडिया कार्यक्रमों, सनसनीखेज पैनल चर्चाओं, शैक्षिक सेमिनारों और कार्यशालाओं से भरपूर रहता है। ऐसे मंच पर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया।




# बैक ब्लाउज के ट्रेंडी डिजाइंस आपको देंगे स्टाइलिश लुक

वैसे तो आपको साड़ी के कई डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट तक में मिल जाएंगे, लेकिन साड़ी कितनी भी सुंदर क्यों न हो लुक को खास बनाने के लिए ब्लाउज के डिजाइन का बेहतरीन होना जरूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लाउज के लिए फ्रंट के साथ-साथ बैक दोनों डिजाइन ही मायने रखते हैं।

अगर आप साड़ी के साथ पहनने वाले ब्लाउज के लिए आज के जमाने का डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो आज हम आपके लिए कुछ बेहद ही खूबसूरत बैक ब्लाउज के डिजाइन लेकर आए हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### स्ट्रैप बैक डिजाइन ब्लाउज

आजकल मॉडर्न और बोल्ड लुक पाने के लिए आपको मार्केट में कई स्ट्रैप वाले ब्लाउज डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि अगर आप इस तरह का ब्लाउज सिल्वा रही हैं तो फैब्रिक के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसके अलावा आप गोटा-पट्टी लेस की मदद लेकर भी स्ट्रैप बनवा सकती हैं।



### डोरी बैक डिजाइन ब्लाउज

बड़े गले पहनना पसंद करती हैं तो सपोर्ट के लिए डोरियों का इस्तेमाल ब्लाउज पर किया जाता है, लेकिन इसके बाद अब ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए डोरी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ब्लाउज को आकर्षक बनाने के लिए आप डोरियों में हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

चूड़ी स्टाइल बैक डिजाइन - सबसे अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चूड़ी की मदद लेकर भी ब्लाउज का बैक डिजाइन बनवा सकती हैं। आप चाहे तो चूड़ी की जगह पर कपड़े की मदद लेकर लूप्स भी बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी मर्जी के बैक डिजाइन ब्लाउज का शेप चुन सकती हैं।

### वी-नेक बैक डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन खासकर चौड़े कंधे वालों पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस तरह के ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आपके लुक को बोल्ड बनाने में मदद करेगा।

## ईद पर दिखाना है अलग अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक से लें टिप्स




हर साल ईद उल फितर के बाद ईद उल अजहा का त्योहार आता है। ईद उल फितर की तरह ही इस ईद की भी अलग अहमियत है। ईद उल अजहा इस साल बकरीद ईद 17 जून को मनाई जा रही है। इस दिन लोग खुशियां बांटते हुए मनाते हैं।

इस त्योहार पर नए कपड़े पहनने का रिवाज है। लड़कियां तो इसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं। लेकिन लड़के अपनी व्यस्तताओं के चलते वक्त से पहले ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर आप भी इस बार ईद के दिन अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाना चाहते हैं, तो कुछ अभिनेताओं के लुक्स देख सकते हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप ईद के दिन तैयार हो सकते हैं।



### करण सिंह ग्रोवर

टीवी की दुनिया से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले करण सिंह ग्रोवर का हर अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है। अगर आप ईद के दिन एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो करण के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। बंद गले वाले इस कुर्ते के साथ चूड़ीदार पायजामा भी अच्छा लगेगा।

### शोएब इब्राहिम

टीवी के साथ-साथ यूट्यूब की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले शोएब का एथनिक अंदाज काफी क्लासी रहता है। उनका ये ब्लैक रंग का मिरर वर्क वाला कुर्ता पायजामा देखने में काफी अच्छा लग रहा है। इसके साथ शोएब की तरह ही दुपट्टा जरूर कैरी करें।

### विक्की कौशल

अगर कुछ रॉयल पहनने का सोच रहे हैं तो विक्की कौशल का ये लुक आपके लिए परफेक्ट रहेगा। इसके साथ आप भी विक्की की तरह ही हैवी दुपट्टा या शॉल कैरी करें। गर्मियों में पहनने के लिए अलग तरीके की शॉल आती है, जो आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी।

### मोहसिन खान

अपनी क्यूटनेस से लोगों का दिल जीतने वाले मोहसिन का एथनिक अंदाज काफी अच्छा रहता है। आप ईद के लिए उनके इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

इसके लिए आपको बस व्हाइट कुर्ते और पायजामे के साथ ब्लू रंग की जैकेट कैरी करनी है।

## ईद के मौके पर हाथों पर सजाएं मेहंदी की बेमिसाल डिजाइंस

ईदुल अजहा के मौके पर अगर हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगवाने की ख्वाहिश हर महिला की होती है। यहां गल्फ या अरेबिक मेहंदी डिजाइंस के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए। यह डिजाइंस भी खास हैं क्योंकि इसमें आपको गल्फ आर्ट देखने को मिल जाएगी, जो इसे अन्यत मेहंदी डिजाइंस से अलग अंदाज देती है।

### गल्फ मेहंदी आर्ट की खासियत

अरब सागर के तट पर स्थित बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अरेबिक मेहंदी लगाने का चलन ज्यादा है। इस मेहंदी को भारतीय महिलाएं भी बहुत पसंद करती हैं। हालांकि, अरेबिक मेहंदी के अलावा अब इस क्षेत्र में अन्यइ डिजाइंस को भी पसंद किया जा रहा है। जिसमें इस्लामिक इमारतों के आर्किटेक्ट डिजाइंस को शामिल किया जाता है। मेहंदी आर्टिस्ट की हेंडराइटिंग अच्छी है तो आप उससे हाथों पर मेहंदी के कोन से ईद उल अजहा अंग्रेजी, हिंदी या उर्दू भाषा में लिखवा सकती हैं। इससे आपकी मेहंदी का त्योहार के लिहाज से महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। इस तरह की मेहंदी पूरी तरह से फेस्टिवल सेंट्रिक हो जाएगी।




### बेल मेहंदी डिजाइन

बेल में आपको कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह से एक की जगह 2 उंगलियों पर गल्फ डिजाइन वाली मेहंदी आर्ट बनवा सकती हैं। इसमें ज्यादातर फूल और पत्तियों के डिजाइन को पसंद किया जाता है।

## लंबे चेहरे वाली लड़कियां ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत


अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

कई बार ऐसा होता है कि हम जल्दी में कोई भी हेयर स्टाइल बना लेते हैं। लेकिन अब ऐसे न करें। क्योंकि जो भी आपका फेस कट अगर आप उसके हिसाब से हेयर स्टाइल बनाएंगी तो बिल्कुल अलग नजर आएंगी। ऐसे में अगर आपका फेस लंबा है तो आप ओपन कर्ल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको बालों को मशीन से कर्ल करना है फिर इन्हें स्प्रे से सेट करना है। ऐसे आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। आप चाहे तो हेयर स्टाइल बनाने के बाद फैंसी एक्सेसरीज एड कर सकती हैं।

### स्लीक बन हेयर स्टाइल

स्लीक बन हेयर स्टाइल आजकल हर कोई बनाना पसंद करता है। आप भी इन्हें बना सकती हैं। लंबे फेस वाली लड़कियों पर ये हेयर स्टाइल (ट्राई करें ये 5 हेयरस्टाइल) काफी क्लासी लगते हैं। इसकी खास बात ये होती है इस बन को बनाने के काफी कम समय लगता है। इसके लिए पहले आपको अपने बालों को स्ट्रेट करना है।



### पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल) लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं।

कार्नर न्यूज

### कई बार जल्दबाजी तो कई बार अंजाने में हो जाती हैं गलतियां, ध्यान देना जरूरी

# स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।



### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।





# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।



## लाइफ Style

# सोनम


## कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

एजेंसी ⏭ मुंबई

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।




# प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।



# 'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।




# 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

**मुंबई।** अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

## टीवी मसाला



# 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

***मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज :*** रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

***शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा :*** सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

### 2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।


### करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

# *सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क*

***मुंबई।*** *कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।*

***सलमान और सुष्मिता सेन :*** *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*



***रेखा और जीनत अमान :*** *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*



***रीना रॉय और अश्मित पटेल :*** *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*



***अमृता अरोड़ा और अमृता राव :*** *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

# फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...



**मुंबई।** हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

## 16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

# मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।*



### फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

### फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।

### कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।



### हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

### ...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

17- JUN- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 6/17/2024 9:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### यूथ टीम ने बिहीबाड़ी में किया 500 पौधों का रोपण

**मैनपाट।** मैनपाट के बिगड़ते पर्यावरण को लेकर चिंतित युवा हर रविवार को सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कर रहे है। अभियान के तहत रविवार को ब्लाक मुख्यालय स्थित बिहीबाड़ी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर प यूथ टीम के धनंजय सिंह ने कहा कि मैनपाट का तापमान बढ़ना चिंताजनक है। अगर हम अभी भी सचेत नहीं हुए तो आने वाले दिनों में हालात बदतर होंगे। गर्मी के दिनों में यहां लोगों को कम्बल व रजाई की जरूरत पड़ती थी अब तो एसी व कूलर के बिना रहना सम्भव नहीं है। इस दौरान युवाओं ने नर्मदापुर स्थित बिहीबाड़ी में 500 पौधों का रोपण किया जिसमें आम, अमरूद, गुलमोहर, सीताफल, अमलतास व जामुन हैं। पिछले 5 सप्ताह से युवा स्वच्छता अभियान चला रहे थे तथा अब बारिश के मौसम में पौधरोपण करने का निर्णय लिया है। टीम के हिमांशु सिंह यादव ने बताया कि सबसे पहले टीम ने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों की साफ सफाई की। अब पूरे बरसात भर छत्तीसगढ़ के शिमला की हरियाली वापस लाने बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। टीम ने बरसात में 1 लाख पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। टीम स्वस्थ, स्वच्छ व हरियर मैनपाट अभियान अंतर्गत पौधरोपण के साथ आगे पहुंच विहीन स्थानों में स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे। टीम के राजेंद्र यादव व सरवन यादव ने बताया कि आने वाले समय में हम पौधरोपण के साथ पेड़ों की कटाई रोकने का भी अभियान चलाएंगे। युवाओं ने ग्रामीणों को पौधरोपण का महत्व बताया तथा घरों के पास व खेतों में अधिक से अधिक पौधरोण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कमलेश सिंह, रामकृष्ण सिंह, दीपांशु गुप्ता, धनंजय सिंह, विशाल सिंह, भुनेश्वर यादव, उदयनाथ यादव, अवधेश यादव, सुनील गुप्ता, राजू यादव, सोनू विश्वकर्मा, दीपक चौहान आदि उपस्थित थे।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**अंबिकापुर।** अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य के अधिकारियों ने हड़ताल पर जाने वाले है। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आज इस संबंध में ज्ञापन सौपने के साथ ही 18 जून से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ओर से आज कलेक्टर व सीएमएचओ के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबित पीएलपी का मई 2024 तक का पूर्ण भुगतान एवं आगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करने, महिला सीएचओ के साथ हो रहे अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाने के लिए गृह जिले में स्थानांतरण एवं 8 किमी के के दायरे में मुख्यालय निवास लागू किए जाने, कांकेर सीएचओ जिला संयोजक पवन कुमार वर्मा को लेकर जिला कार्यालय द्वारा गलत तरीके से भ्रामक जानकारी प्रदान कर की गई सेवा समाप्ति आदेश को तुरंत रद्द कर सेवा में बहाली एवं दोषियों के ऊपर कार्रवाई की मांग लम्बे समय से की जा रही है। लंबे समय से प्रदेश के सीएचओ साथ हो रहे प्रताड़ना एवं पीएलपी का भुगतान नहीं होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने हड़ताल को घोषणा की गई है। चरणबद्ध आंदोलन के तहत 18 से 20 जून तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग के कार्य एक बहिष्कार किया जाएगा और इसके बाद भी मांगें पूर्ण नहीं हुई तो 21 जून से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सभी कार्यों का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

### तूफान से कई विशाल पेड़ धराशायी घरों के उड़े छप्पर



**रामानुजनगर।** तेज आंधी तूफ़ान से कई विशाल पेड़ धारासायी हो गए हालांकि कोई बड़ी जनहानी नहीं हुई लेकिन तेज हवा से कई घरों के छप्पर उड़ गए और पेड़ पौधे के डाल टूटकर गिर गए। विकासखंड रामानुजनगर के कई ग्राम पंचायतों में शाम के समय लगभग 4 से 5 बजे मौसम बदलने के साथ ही तेज आंधी तूफ़ान और बारिश शुरू हो गई जिससे कई विशाल पेड़ धारासायी हो गया। और कई घरों के छपर और सीट उखड़ कर दूर जा गिरे जिससे ग्रामीणों के आसियाना उजड़ गई। बरसात से पूर्व तूफ़ान से ग्रामीणों क्रो काफी नुकसान उठाना पड़ा।

## पेज 1 का शेष...

### दुकान में चोरी...

पिता बिजराम सारथी उम्र 35 वर्ष के द्वारा की गई है। इसके पश्चात कोरिया की पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को उसके निवास स्थल से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ पश्चात दोनों जगह चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के पास से चोरी हुई सामग्री एक चांदी का सिक्का, 2 नग सेकेंड हैंड मोबाइल फोन एवं नगदी 1490 रूपए को आरोपी अरूण सारथी के कब्जे से जब्त किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### नमाज अता कर ...

धर्म के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। बकरीद के त्योहार को देखते हुए मस्जिद के आसपास में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई, इसके साथ ही प्रशासन ने जानवरों की कुर्बानी के लिए भी नियम बनाए थे। साथ ही चिन्हित जगहों पर ही कुर्बानी करने की इजाजत दी गई थी। बकरीद को देखते हुए पुलिस संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है।

### महीनों से बंद है पीएम आवासों का निर्माण

# पीएम आवास योजना में करोड़ों का घोटाला, 500 हितग्राहियों की राशि दूसरों के खाते में ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- शिकायत पर कलेक्टर ने किया तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

जनपद पंचायत मैनपाट में प्रधानमंत्री आवास योजना के 500 से अधिक हितग्राहियों की राशि अधिकारी-कर्मचारियों ने हड़प ली और किसी को इसकी हवा तक नहीं लग सकी। महीनों जनपद कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद मामले में कोई कारवाई नहीं हुई तो हिताग्राहियों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने इस बड़े घोटाले की जांच के लिए सीतापुर एसडीएम रवि राही की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है।

जनपद पंचायत हर साल ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करता है। जनपद पंचायत द्वारा हितग्रिहयों की पात्रता का परीक्षण उपरांत शासन पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करता है। योजना अंतर्गत शासन जनपद पंचायत को हितग्राहियों की राशि चार किश्तों में जारी करता है। जनपद पंचायत स्वीकृति के अनुसार आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि जारी करता है। जनपद कार्याल्य ने शासन की स्वीकृति मिलने के बाद सभी हितग्राहियों को प्रथम किशत जारी कर दी। योजना की राशि मिलने के बाद हितग्राहियों ने आवास का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया लेकिन योजना की आगामी किशत नहीं मिलने से आवास का निर्माण ठप हो गया। लम्बे समय तक राशि मिलने का इंतजार करने के बाद हितग्राहियों ने जनपद कार्यालय का चक्कर लगाना शुरू किया। मामले की शिकायतें भी की लेकिन अधिकारी-कर्मचारी योजना की राशि नहीं मिलने का हवाला देकर टालमटोल करते रहे। इस दौरान बिना आवेदन अन्य लोगों के खाते में योजना की राशि जमा होने की चर्चा पर हितग्राहियों ने भाग-दौड़ करना शुरू किया तो हितग्राहियों की राशि दूसरे लोगों के खाते में जमा करने की बात सामने आई।

बताया जा रहा है कि पहले तो अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से संबंधित लिपिक का स्थानांतरण कर दिया तथा हितग्राहियों को शीघ्र योजना की राशि जारी होने का आश्वासन देते रहे। परेशान होकर हितग्राहियों ने कलेक्टर से इसकी शिकायत की तो बड़े घोटाले की जानकारी मिली।





मैनपाट के अधूरे पीएम आवास।

#### नहीं मिलती पावती

हितग्राहियों का कहना है कि वे पिछले दो महीने से जनपद सीईओ को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही मामले की शिकायत कर रहे हैं। जनपद सीईओ आवक-जावक शाखा में आवेदन देने की बात कहते हैं जबकि आवक-जावक शाखा के संबंधित लिपिक के अनुपसथित रहने का हवाला देकर आवेदन की पावती नहीं देते। इस तकनीक को अपनाकर अधिकारी-कर्मचारी मामले से अनजान बनकर लीपापोती करने में जुटे हैं।

#### दो करोड़ से अधिक का घोटाला

जनपद पंचायत मैनपाट अंतर्गत पीएम आवास योजना में दो करोड़ से अधिक का घोटाला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। योजना के हितग्राहियों की राशि न केवल मैनपाट सहित विभिन्न विकास खण्डों में निवासरत बल्कि बिलासपुर एंव रायगढ़ जिला के अपात्र लोगों के खाते में जमा की गई है। योजना की राशि बांटने के लिए एजेंटों की मदद लेने की भी बात सामने आ रही है। योजना में किसी की दूसरी तो किसी की तीसरी एवं चौथी किश्त अपात्रों के खातों में जमा की गई है।

#### आधी राशि लेकर जारी कर दी किश्त

जानकारों का कहना है कि संबंधित लिपिक ने बिना आवेदन अपात्रों को पीएम राशि की किश्त जारी करने का सौदा किया तथा योजना की आधी राशि लेकर पांच सौ से अधिक हितग्राहियों की आगामी किश्त की राशि हड़पने में कांग्रेस एवं भाजपा के नामचीन नेता भी पीछे नहीं रहे एवं मुफ्त की राशि का आधा हिस्सा देकर परिवार के सभी सदस्यों के नाम खाता खोल योजना की राशि जमा करा ली। जनपद कार्यालय में केन्द्रीय योजना में यह घोटाला पिछले महीनों से चल रहा था जिसकी कानोकान खबर किसी को नहीं मिल सकी। हालांकि वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत के इस तरह का घोटाला संभव नहीं है। वह भी आवास जैसी योजना की जिसकी प्रगति की समीक्षा ब्लाक से जिला पंचायत तक के तकनीकी अधिकारी करते हैं तथा जीओ रैगिंग उपरांत भुगतान जारी किया जाता है। हर पखवाड़े बैठक में योजना के प्रगति की समक्षा भी की जाती है।

#### नहीं है जानकारी

पांच सौ से अधिक पीएम आवास के हितग्राहियों की राशि अन्य लोगों के खाते में जमा होने की जानकारी नहीं है। आपको जानकारी हो तो सूची उपलब्ध कराएं। राशि वापस कराने की पहल की जाएगी। मुझे तीन हितग्राहियों की राशि में हेरफेर होने की शिकायत मिली थी जिसका निराकरण करा दिया गया है।

-अमन यादव
सीईओ, जनपद पंचायत मैनपाट

#### चल रही है जांच

कलेक्टर के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम पीएम आवास में हुई अनियमितता की जांच कर रही है। जांच अंतिम चरण में है। शीघ्र ही जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

-रवि राही
एसडीएम, सीतापुर

## एलआईसी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्टपति के नाम एमसीबी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 2011 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एलआईसी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने संबंधित निर्देश के अनदेखी और अब नियमित किए जाने की मांग, कागजों पर फेर बदलकर मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने व कार्य से पृथक करने के निर्णय को वापस लेते हुए पुनः सेवाएं देने का अवसर प्रदान सहित अन्य मांगों का उल्लेख किया गया। ज्ञापन में लिखा कि एलआईसी के द्वारा अचानक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ठेकेदार के अधीन रहकर सेवाएं देने का फरमान जारी कर दिया गया है।

ठेकेदार के पास गए तो उसने प्रत्येक कर्मचारी से 11500 रूपए लेकर काम पर रखने का शर्त रख दी एवं रूपए नहीं देने पर नौकरी में नहीं रखने की बात की जा रही है। कर्मचारियों ने विभिन्न परेशानियों पर एलआईसी प्रबंधन से बात कि तो कहा गया कि केन्द्र सरकार के निर्णय पर ऐसा हो रहा है। एलआईसी प्रबंधन ने यह सब मौखिक में कहा और कागज मांगने पर बोले की लिखित में निर्देश नहीं है। कर्मचारियों ने एलआईसी प्रबंधन एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि 25 वर्षों से हम अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

एलआईसी प्रबंधन तुगलकी फरमान जारी कर जबरन हम लोगों को काम से निकाल दिया गया है, अगर हमें दोबारा काम पर नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करेंगे। परेशान कर्मचारियों ने प्रबंधन के समक्ष मांग रखी है कि उन्हें उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार नियमित किया जाए न की नौकरी से बाहर करते हुए ठेकेदार के अधीन कर दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम चिरमिरी में कार्यरत मुरारी नायर, गोपी, रामचरण सेन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





ज्ञापन सौंपने पहुंचे कर्मचारी।

### पीडीएस में चना का अभाव

**सोनहत।** खंड स्तर पर संचालित विभिन्न पीडीएस में विगत लगभग तीन माह से चना का आवंटन नहीं प्राप्त होने से राशन कार्डधारी गरीब परिवारों को चना नहीं मिल पा रहा है। सेहत स्वास्थ्य से भरपूर पौष्टिक चना हितग्राहियों ने प्रदान कराने की मांग संबंधित तंत्र से किया है।

### नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक रखी थी। जिसमें नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सीएमओ, अभियंता और अकाउंटेंट उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें संपत्ति कर और समेकित कर शामिल थे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली प्रशासन और नगरीय निकाय का प्राथमिकता वाला कार्य है।

### नगर पंचायत क्षेत्र में नहीं हो रहा गुमास्ता एक्ट का पालन, शनिवार को भी खुल रही दुकानें



**भटगांव।** नगर पंचायत क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गुमास्ता एक्ट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। दुकान संचालक नियम की अवहेलना करते हुए शनिवार को भी अपनी दुकानें खुली रख रहे है।

हैरानी की बात तो यह है कि नगर पंचायत द्वारा भी इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र में गुमास्ता एक्ट लागू है और नियम के तहत शनिवार का दिन चयन किया गया है। शनिवार को गुमास्ता एक्ट तहत सभी दुकानें बंद रहेंगी और दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को अवकाश मिलेगा लेकिन दुकानदार नियम का उल्लंघन कर शनिवार को भी अपनी दुकानों का संचालन कर रहे है। गुमास्ता एक्ट के नियम का पालन कराना व्यावसायिक संघों की भी जिम्मेदारी है लेकिन संघ की ओर से भी इस नियम का पालन नहीं कराया जा रहा है। अधिकारी भी इस नियम का पालन कराने को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे है और शनिवार को ज्यादातर दुकानें खुली रहती है।

## सांसद चिंतामणि महाराज का जगह-जगह स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

चिंतामणि महाराज के सरगुजा सांसद बनने के बाद सामरी विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित सामरी विधानसभा क्षेत्र के बरियो, राजपुर, शंकरगढ़ व कुसमी गृह ग्राम श्रीकोट में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ द्वारा बाजे गाजे के साथ करकली गलफुला नदी के पास से बाइक रैली निकाल कर आतिश बाजी करते भव्य स्वागत किया।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के गृह ग्राम श्रीकोट में भी सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी व भजन कीर्तन के साथ स्वागत किया। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा बरियो, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, श्रीकोट में मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र में अमन चैन शांति की कामना की। उन्होंने क्षेत्र विकास कार्य करने की बात कहते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर उपस्थित लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात कही। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार होने के साथ साथ राज्य में विष्णु देव की भाजपा सरकार है, सामरी विधानसभा क्षेत्र सहित सरगुजा संभाग में विकास कार्य होने में कहीं कमी नहीं होने देंगे। सभी जगह आप सभी लोग के कहने के आवश्यकता अनुसार विकास कार्य किए जाएंगे। राजपुर में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी द्वारा सरगुजा सांसद को आम फल से तौला गया तो कुसमी में लड्डू से तौल कर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज का भाजपा कार्यकर्ताओ सहित लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज का बरियो, राजपुर, शंकरगढ़, डीपाडीह, कुसमी में कही आम तो कही लड्डू से तौलकर सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा के नेतृत्व में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला के साथ सांसद चिंतामणि महाराज सहित सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा का स्वागत किया गया, तौले हुए आम एवं लड्डू को कार्यकर्ता एवं लोगों में बांट कर खुशियां मनाई गई। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के सांसद बनने पर कुसमी में प्रथम आगमन पर जनपद प्रांगण में एसडीएम करुण डहरिया, कुसमी जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय सहित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किया।

## भीमसेनी एकादशी का धूमधाम से मनाया पर्व

**मनेन्द्रगढ़।** श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम की नयनाभिराम छवि के दर्शन किए। उल्लेखनीय है कि एक महीने में शुक्ल पक्ष को पड़ने वाली एकादशी के दिन श्याम भक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाती है।

इस माह सोमवार को निर्जला एकादशी जिसे भीमसेनी एकादशी भी कहते है। इस अवसर पर प्रातः श्रीराम मंदिर में निशान पूजन व आरती के उपरांत प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर श्याम भक्त भजन संकीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे। शहर के प्रतिष्ठित श्री श्याम मंदिर में 17 जून को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी भीमसेनी एकादशी के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में काफी संख्या में श्याम प्रेमी उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजन में शामिल हुए। विदित हो कि शहर के रेलवे परिक्षेत्र में श्री श्याम मंदिर का निर्माण कराया गया है, यहां रोजाना श्याम प्रेमियों की तादाद बढ़ते जा रही है। यहां परंपरागत ढंग से हर महीने की शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को प्रभात फेरी निकाली जाती है। इसी परिपेक्ष्य में 17 जून को भीमसेनी एकादशी के अवसर पर श्रीराम मंदिर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से भजन-संकीर्तन करते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। प्रभात फेरी में शामिल श्याम भक्त भजन - संकीर्तन करते हुए चल रहे थे।



प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु।

